# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

गोड्डा जिले के ललमटिया के डकैता गांव निवासी पूर्व भाजपा नेता सूर्यनारायण उर्फ सूर्या हांसदा पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। बोआरीजोर थाना के जोलोकुण्डी एवं राहरबड़िया पहाड़ी की तराई से आज सुबह पुलिस ने उसका शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार, वह कई अपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। एसपी मुकेश कुमार ने उसकी मौत की पुष्टि की है।

*****************

हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सुबह भारी बारिश के कारण बभनबे पहाड़ पर भूस्खलन होने से पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे गिर गया। हालांकि इस घटना से किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। भूस्खलन की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवाजाही रोक दी। आपदा प्रबंधन की टीम अलर्ट मोड पर है।

*****************

भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडलों में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवर दास द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया गया। इस मौके पर श्री दास ने लोगों से अपने–अपने घरों पर कम से कम एक तिरंगा अवश्य लगाने की अपील की।

*****************

रांची पीएमएलए कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद जमीन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। दरअसल बीते 6 अगस्त को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

*****************

रांची के हिंदपीढ़ी के भट्ठी चौक पर कल एक युवक की हुई हत्या के विरोध में आज स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। वे हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठाये हैं। श्री मरांडी ने आज अपने एक्स हेंडल पर लिखा कि राज्य में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

*****************

बड़कागांव की पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता अम्बा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि राज्य में कई अधिकारी कॉरपोरेट घरानों से गठजोड़ कर पुनर्वास नीति की अनदेखी कर रहे हैं। वे आज रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति का सख्ती से पालन नहीं होने के कारण राज्य में विस्थापन की समस्या बढ़ रही है।

*****************

साहिबगंज जिले में पीएम सम्मान निधि किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। खरीफ फसलों के लिए यह काफी मददगार साबित हो रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************